# PAPER-II
# COMMERCE

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ____________________________
   (Name) ____________________________
2. (Signature) ____________________________
   (Name) ____________________________

OMR Sheet No. : ..............................................
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

Roll No.__________________________________
(In words)

**J 0 8 1 6**

Time : **1 1/4** hours] [Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **24** Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the Test Booklet Number should be entered on the OMR Sheet and the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (1), (2), (3) and (4). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** ① ② ● ④
   where (3) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Booklet only.** If you mark your response at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the Original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are, however, allowed to carry original question booklet and duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Black Ball point pen provided by C.B.S.E.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**
13. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions, English version will be taken as final.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए पुस्तिका पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद प्रश्न-पुस्तिका का नंबर OMR पत्रक पर अंकित करें और OMR पत्रक का नंबर इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (1), (2), (3) तथा (4) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है :
   **उदाहरण :** ① ② ● ④
   जबकि (3) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पुस्तिका के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, जैसे कि अंकित किये गये उत्तर को मिटाना या सफेद स्याही से बदलना तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर मूल प्रश्न-पुस्तिका तथा OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **केवल C.B.S.E. द्वारा प्रदान किये गये काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं हैं ।**
13. यदि अंग्रेजी या हिंदी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी विवरण अंतिम माना जाएगा ।



www.examrace.com

## COMMERCE
## Paper – II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are compulsory.

1. **Assertion (A) :** Industrialization is the sine-qua-non of economic progress.
   **Reasoning (R) :** Government is committed to rapid and balanced industrialization of the country with a view to benefitting common man.
   (1) Both (A) and (R) are true and (R) is correct explanation of (A).
   (2) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A).
   (3) (A) is true but (R) is false.
   (4) (A) is false but (R) is true.

2. Match the items in Column – I to the items in Column – II :

| | **Column – I** | | **Column – II** |
|---|---|---|---|
| a. | Fiscal deficit | i. | Market Securities |
| b. | SEBI | ii. | Government expenditure |
| c. | RBI | iii. | Economic growth |
| d. | National Income | iv. | Monetary policy |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | ii | iv | iii | i |
| (2) | iii | i | iv | ii |
| (3) | i | ii | iii | iv |
| (4) | i | iv | ii | iii |

3. Withdrawl of government from a sector partially or fully is known as
   (1) Modernization
   (2) Liberalization
   (3) Privatization
   (4) Globalization

4. In case the amount claimed by the consumer is ₹ 89 lakhs, then which of the following will handle the case ?
   (1) District consumer redressal forum
   (2) State consumer dispute redressal commission
   (3) National consumer dispute redressal commission
   (4) Supreme Court of India

5. India relaxed quantitative restrictions on imports of 1429 items in 2000 and 2001 as per the commitment to which of the following ?
   (1) GATT
   (2) SAFTA
   (3) NAM
   (4) WTO



www.examrace.com

## वाणिज्य

### प्रश्नपत्र – II

**निर्देश :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक है । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

**1.** **अभिकथन (A)** : औद्योगीकरण आर्थिक प्रगति की अनिवार्य शर्त है ।

**तर्क (R)** : सरकार सामान्य व्यक्ति के हितों को ध्यान में रखते हुए देश में त्वरित और संतुलित औद्योगीकरण के लिए प्रतिबद्ध है ।

(1) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।
(2) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
(3) (A) सही है लेकिन (R) गलत है ।
(4) (A) गलत है लेकिन (R) सही है ।

**2.** कॉलम – I की मदों को कॉलम – II की मदों से सुमेलित कीजिए :

| | **कॉलम – I** | | **कॉलम – II** |
|---|---|---|---|
| a. | राजकोषीय घाटा | i. | बाजार प्रतिभूति |
| b. | सेबी | ii. | सरकारी व्यय |
| c. | आर.बी.आई. | iii. | आर्थिक संवृद्धि |
| d. | राष्ट्रीय आय | iv. | मौद्रिक नीति |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | ii | iv | iii | i |
| (2) | iii | i | iv | ii |
| (3) | i | ii | iii | iv |
| (4) | i | iv | ii | iii |

**3.** किसी क्षेत्र से सरकार के आंशिक रूप से या पूर्णत: हटने को कहते हैं

(1) आधुनिकीकरण
(2) उदारीकरण
(3) निजीकरण
(4) वैश्वीकरण

**4.** यदि ग्राहक ने ₹ 89 लाख की रकम का दावा किया हो, तो निम्नलिखित में से कौन इस मामले पर कार्रवाही करेगा ?

(1) जिला उपभोक्ता निवारण फोरम
(2) राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग
(3) राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग
(4) भारत का उच्चतम न्यायालय

**5.** भारत ने निम्नलिखित में से किस प्रतिबद्धता के अनुसार वर्ष 2000 और वर्ष 2001 में 1429 मदों के आयात पर मात्रात्मक प्रतिबंध में ढील दी है ?

(1) जी.ए.टी.टी
(2) एस.ए.एफ.टी.ए
(3) एन.ए.एम.
(4) डब्ल्यू.टी.ओ.



www.examrace.com

**6.** According to which of the following categories of activities, a cash flow statement should be prepared as per AS-3 ?

I. Cash flow from operating activities
II. Cash flow from investing activities
III. Cash flow from financing activities
IV. Cash flow from production activities
V. Cash flow from selling activities

**Codes :**

(1) I, II, III
(2) I, II, III, IV, V
(3) I, II, IV
(4) II, III, IV, V

**7.** Capital in the business is treated as a liability due to

(1) Dual aspect concept
(2) Business entity concept
(3) Going concern concept
(4) Accrual concept

**8.** X, Y and Z are partners in a firm sharing profits and losses equally. They decided to share profits in ratio of 2 : 1 : 2 respectively. The gaining ratio of X and Z will be

(1) 1 : 2
(2) 2 : 1
(3) 1 : 1
(4) 3 : 2

**9.** While preparing the Cash Flow Statement, suggest the correct code for the items treated as cash and cash equivalents :

I. Balance in the current account with Allahabad Bank.
II. Investment in 5-years government bonds maturing after one week.
III. Investment in the shares of a subsidiary company.
IV. Investment in equity mutual funds.
V. Fixed deposits with State Bank of India maturing after one year.

**Codes :**

(1) I, II, III
(2) I, III, IV
(3) I, III
(4) I, II

**10.** The directors of X Ltd. resolved to forfeit 2000 equity shares of ₹ 10 each. On these shares ₹ 7.50 per share was paid up, but final call of ₹ 2.50 per share was unpaid. 1,000 of the forfeited shares were reissued at ₹ 7 per share. Capital Reserve Account will be credited by

(1) ₹ 4,500
(2) ₹ 7,500
(3) ₹ 2,500
(4) ₹ 5,000

**11.** In case the quantity of a commodity demanded changes due to change in price of the commodity, it is called

(1) Increase or decrease in demand
(2) Expansion or contraction of demand
(3) Law of demand
(4) Positive change in demand



www.examrace.com

**6.** निम्नलिखित में से किस वर्ग की क्रियाओं के अनुसार एक रोकड़ प्रवाह विवरण AS-3 के आधार पर तैयार किया जाना चाहिये ?

I. परिचालन क्रियाओं के द्वारा रोकड़ प्रवाह
II. विनियोग क्रियाओं के द्वारा रोकड़ प्रवाह
III. वित्तीयन क्रियाओं के द्वारा रोकड़ प्रवाह
IV. उत्पादन क्रियाओं के द्वारा रोकड़ प्रवाह
V. विक्रय क्रियाओं के द्वारा रोकड़ प्रवाह

**कूट :**

(1) I, II, III (2) I, II, III, IV, V
(3) I, II, IV (4) II, III, IV, V

**7.** किसी व्यवसाय में पूँजी को एक दायित्व किसके कारण माना जाता है ?

(1) द्विपक्षीय अवधारणा (2) व्यावसायिक अस्तित्व की अवधारणा
(3) चालू व्यवसाय की अवधारणा (4) उपार्जन की अवधारणा

**8.** X, Y एवं Z एक फर्म में साझेदार हैं जो लाभ-हानि को समान रूप से बाँटते हैं । उन्होंने लाभ-हानि को क्रमश: 2 : 1 : 2 के नये अनुपात में बाँटने का निर्णय लिया । X एवं Z का प्राप्ति अनुपात होगा :

(1) 1 : 2 (2) 2 : 1
(3) 1 : 1 (4) 3 : 2

**9.** रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार करने में नकद रोकड़ एवं नकद रोकड़ की तरह मानी जाने वाली मदों के लिए सही कूट बताइए :

I. इलाहाबाद बैंक में चालू खाते की जमा राशि
II. एक सप्ताह पश्चात् परिपक्व होने वाले 5 वर्षीय सरकारी बॉण्ड्स में किया विनियोग
III. सहायक कम्पनी के अंशों में किया गया विनियोग
IV. समता म्यूचुअल फण्ड्स में विनियोग
V. स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया में एक वर्ष बाद परिपक्व होने वाली सावधि जमा राशि

**कूट :**

(1) I, II, III (2) I, III, IV
(3) I, III (4) I, II

**10.** X लिमिटेड के संचालकों ने ₹ 10 प्रति अंश वाले 2000 साधारण अंशों का हरण करने का निश्चय किया । इन अंशों पर ₹ 7.50 प्रति अंश का भुगतान किया गया था, परन्तु ₹ 2.50 प्रति अंश वाली अन्तिम याचना का भुगतान नहीं किया गया था । 1,000 हरण किये अंशों को ₹ 7 प्रति अंश की दर से पुनर्निर्गमित कर दिया गया । पूँजी संचय खाते में जमा की गई राशि होगी :

(1) ₹ 4,500 (2) ₹ 7,500
(3) ₹ 2,500 (4) ₹ 5,000

**11.** यदि वस्तु के मूल्य में परिवर्तन के कारण वस्तु की माँगी गई मात्रा में परिवर्तन होता है, तो उसे कहते हैं

(1) माँग में वृद्धि या कमी
(2) माँग का विस्तार या संकुचन
(3) माँग का नियम
(4) माँग में धनात्मक परिवर्तन



www.examrace.com

**12.** Match the items of the List – I with those of the List – II and indicate the correct code from the following :

| | List – I | | List – II |
|---|---|---|---|
| a. | Cardinal Utility Analysis | i. | J.R. Hicks and R.G.D. Allen |
| b. | Ordinal Utility Analysis | ii. | Alfred Marshall |
| c. | Revealed Preference Analysis | iii. | J.R. Hicks |
| d. | Logical Ordering Analysis | iv. | Paul A. Samuelson |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iii | iv | i | ii |
| (2) | ii | i | iv | iii |
| (3) | i | iii | ii | iv |
| (4) | iv | ii | iii | i |

**13.** Producer's equilibrium as per isoquants and isocosts can be determined on which combination of the following ?

I. Convex to the origin isoquant
II. Portion of isoquant within Ridgelines
III. Linear isoquant
IV. Complete complementarity isoquant

**Codes :**

(1) I II III
(2) II III IV
(3) I II IV
(4) I III IV

**14.** The impact of the price variation is to change :

(1) the degree of elasticity of demand as well as the degree of the elasticity of supply in the same direction.
(2) the degree of the elasticity of demand as well as the degree of the elasticity of supply in the inverse direction.
(3) the degree of the elasticity of demand but not the degree of the elasticity of supply.
(4) the degree of the elasticity of supply but not the degree of the elasticity of demand.

**15.** Cost plus pricing strategy is suitable for

I. Product Tailoring
II. Refusal Pricing
III. Monopoly Pricing
IV. Monopsony Pricing

**Codes :**

(1) I II III
(2) II III IV
(3) I II IV
(4) I III IV



www.examrace.com

**12.** निम्नलिखित सूची – I की मदों का सूची – II की मदों से मिलान कीजिए एवं सही कोड इंगित कीजिए :

| | **सूची – I** | | **सूची – II** |
|---|---|---|---|
| a. | संख्यावाचक उपयोगिता विश्लेषण | i. | जे.आर. हिक्स एवं आर.जी.डी. एलेन |
| b. | क्रमवाचक उपयोगिता विश्लेषण | ii. | अल्फ्रेड मार्शल |
| c. | प्रकट अधिमान विश्लेषण | iii. | जे.आर. हिक्स |
| d. | तार्किक क्रमचयन विश्लेषण | iv. | पॉल ए. सैम्यूलसन |

**कोड :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iii | iv | i | ii |
| (2) | ii | i | iv | iii |
| (3) | i | iii | ii | iv |
| (4) | iv | ii | iii | i |

**13.** समोत्पाद वक्रों एवं समलागत रेखाओं के आधार पर उत्पादक का साम्य किस संयोजन द्वारा निर्धारित किया जा सकता है ?

I. मूल की ओर नवोदर समोत्पाद पर

II. शून्य उत्पादकता रेखाओं के बीच समोत्पाद के भाग पर

III. रेखीय समोत्पाद पर

IV. सम्पूर्ण सम्पूरकता समोत्पाद पर

**कोड :**

(1) I II III

(2) II III IV

(3) I II IV

(4) I III IV

**14.** मूल्य में परिवर्तन का प्रभाव परिवर्तित करना है :

(1) माँग की लोच की श्रेणी एवं आपूर्ति की लोच की श्रेणी को एक ही दिशा में ।

(2) माँग की लोच की श्रेणी एवं आपूर्ति की लोच की श्रेणी को विपरीत दिशा में ।

(3) माँग की लोच की श्रेणी को जबकि आपूर्ति की लोच की श्रेणी को नहीं ।

(4) आपूर्ति की लोच की श्रेणी को जबकि माँग की लोच की श्रेणी को नहीं ।

**15.** लागत धन मूल्यन रणनीति किन दशाओं में उपयुक्त है ?

I. ग्राहक अनुकूल उत्पाद मूल्यन की

II. अस्वीकार्य मूल्यन की

III. एकाधिकारी मूल्यन की

IV. क्रय एकाधिकारी मूल्यन की

**कोड :**

(1) I II III

(2) II III IV

(3) I II IV

(4) I III IV



www.examrace.com

**16.** A scale of measurement for a variable that considers order, distance and unique origin is known as

(1) Nominal Scale (2) Ordinal Scale

(3) Interval Scale (4) Ratio Scale

**17.** Match the items of List – I with the items of List – II and indicate the code of correct matching :

| | **List – I** | | **List – II** |
|---|---|---|---|
| i. | Geometric mean | a. | Averaging the ratio of two different measuring units |
| ii. | Mode | b. | Averaging percentage changes in a particular variable |
| iii. | Harmonic mean | c. | Knowing the middle value in a distribution |
| iv. | Median | d. | Knowing the most frequency occurring value in the data set |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | iii | ii | iv |
| (2) | i | iv | iii | ii |
| (3) | iii | i | iv | ii |
| (4) | iii | ii | i | iv |

**18.** The area under the normal curve covered within $\mu \pm 1.96\ \sigma$ limit is ?

(1) 0.95 (2) 0.68

(3) 0.50 (4) 0.99

**19.** **Statement – I :** The absolute value of the difference between an unbiased estimate based on a randomly selected representative sample and the corresponding population parameter is known as sampling error.

**Statement – II :** Coefficient of correlation is independent of the change of origin and scale of measurement.

**Codes :**

(1) Both the Statements are true.

(2) Both the Statements are false.

(3) Statement – I is true while Statement – II is false.

(4) Statement – I is false while Statement – II is true.

**20.** Which of the following is a part of the central processing unit of a computer ?

(1) Hard Disk (2) RAM

(3) Arithmetic Logic Unit (4) Video Display Unit

**21.** According to Henry Fayol, which of the following qualities are required in a manager ?

(1) Physical, mental, moral, educational, technical and experience

(2) Physical, mental, moral, administrative, technical and experience

(3) Physical, mental, moral, conceptual, technical and experience

(4) Physical, mental, moral, conceptual, technical and commercial



www.examrace.com

**16.** किसी चल के लिए मापन का ऐसा पैमाना जिसमें क्रम, दूरी और विशिष्ट मूल पर विचार किया जाता है, उसे कहते हैं

(1) नामिक पैमाना
(2) क्रमांक पैमाना
(3) अन्तराल पैमाना
(4) अनुपात पैमाना

**17.** सूची – I की मदों के साथ सूची – II की मदों को सुमेलित कीजिए और सही सुमेलन के कूट का चयन कीजिए :

| | **सूची – I** | | **सूची – II** |
|---|---|---|---|
| i. | गुणात्मक माध्य | a. | दो अलग-अलग मापन इकाइयों के अनुपात का औसत निकालना |
| ii. | बहुलक | b. | किसी विशेष चल में प्रतिशतता परिवर्तनों का औसत निकालना |
| iii. | हरात्मक माध्य | c. | एक वितरण के मध्य मूल्य का ज्ञान होना |
| iv. | माध्यिका | d. | समंक समूह में बार-बार आनेवाली आवृत्ति का ज्ञान होना |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | iii | ii | iv |
| (2) | i | iv | iii | ii |
| (3) | iii | i | iv | ii |
| (4) | iii | ii | i | iv |

**18.** सामान्य वक्र की $\mu \pm 1.96\,\sigma$ सीमा में आने वाला क्षेत्र कुल क्षेत्र का होता है

(1) 0.95
(2) 0.68
(3) 0.50
(4) 0.99

**19.** **कथन – I :** यादृच्छिक रूप से चयनित प्रतिनिधि प्रतिदर्श के आधार पर पूर्वाग्रहरहित अनुमान एवम् तद्नुरूपी समग्र के माप के अन्तर के निरपेक्ष मूल्य को प्रतिदर्श भूल जाना जाता है ।

**कथन – II :** सहसंबंध गुणांक मूल के परिवर्तन और मापन के पैमाने से स्वतंत्र होता है ।

**कूट :**

(1) दोनों कथन सही हैं ।
(2) दोनों कथन गलत हैं ।
(3) कथन – I सही है, जबकि कथन – II गलत है ।
(4) कथन – I गलत है, जबकि कथन – II सही है ।

**20.** निम्नलिखित में से कौन सा कंप्यूटर के केंद्रीय प्रक्रिया इकाई का भाग है ?

(1) हार्ड डिस्क
(2) रैम
(3) अर्थमेटिक लॉजिक यूनिट
(4) वीडियो डिस्प्ले यूनिट

**21.** हेनरी फॉयल के अनुसार प्रबंधक में निम्नलिखित में से कौन से गुण अपेक्षित हैं ?

(1) शारीरिक, मानसिक, नैतिक, शैक्षिक, तकनीकी और अनुभव
(2) शारीरिक, मानसिक, नैतिक, प्रशासनिक, तकनीकी और अनुभव
(3) शारीरिक, मानसिक, नैतिक, संकल्पनात्मक, तकनीकी और अनुभव
(4) शारीरिक, मानसिक, नैतिक, संकल्पनात्मक, तकनीकी और वाणिज्यिक



www.examrace.com

**22.** Which of the following organises the activities of a business around geographical, market or product groups ?

(1) Functional organisational structure (2) Divisional organisational structure

(3) Project organisational structure (4) Matrix organisational structure

**23.** Match List – I and List – II on the basis of Graicuna's formulae of relationships, if the number of subordinates is 'n' :

| | **List – I** | | **List – II** |
|---|---|---|---|
| a. | Direct single relationship | i. | $n$ |
| b. | Cross relationships | ii. | $n(n-1)$ |
| c. | Direct Group relationships | iii. | $n(2^{n-1}-1)$ |
| d. | Total relationships | iv. | $n\left(\frac{2^n}{2}+n-1\right)$ |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | iv | ii | iii |
| (2) | i | ii | iii | iv |
| (3) | i | iv | iii | ii |
| (4) | i | iii | ii | iv |

**24.** Which of the following is not a content theory of motivation ?

(a) Maslow's Need Hierarchy Theory

(b) Herzberg's Two Factor Theory

(c) Vroom's Vector Valence Theory

(d) Alderfer's ERG Theory

(1) (d) only (2) (c) and (d)

(3) (c) only (4) (b) and (d)

**25.** Which one of the following regarding the structural barriers to communication is correct ?

(1) Filtering and Inattention (2) Credibility and Attitude

(3) Emotions and Time pressure (4) Status and Specialisation

**26.** Though often criticized, the selling concept is particularly appropriate and effective with which of the following types of products ?

(1) Convenience (2) Shopping

(3) Unsought (4) Speciality

**27.** Your firm is attempting to divide up the total market to determine the best segments it can serve. Which is the correct order of doing so ?

(1) market segmentation, target marketing, market positioning

(2) target marketing, market positioning, market segmentation

(3) market positioning, market segmentation, target marketing

(4) mass marketing, demographic segmentation, psychographic segmentation



www.examrace.com

**22.** निम्नलिखित में से कौन भौगोलिक बाजार या उत्पाद समूह के आस-पास कारोबार के क्रियाकलापों को आयोजित करता है ?

(1) प्रकार्यात्मक संगठनात्मक ढाँचा
(2) प्रभागीय संगठनात्मक ढाँचा
(3) परियोजना संगठनात्मक ढाँचा
(4) मैट्रिक्स संगठनात्मक ढाँचा

**23.** यदि अधीनस्थों की संख्या 'n' हो, तो ग्रेकुना के संबंध सूत्र के आधार पर सूची – I और सूची – II को सुमेलित कीजिए :

| | **सूची – I** | | **सूची – II** |
|---|---|---|---|
| a. | प्रत्यक्ष एकल संबंध | i. | $n$ |
| b. | प्रति संबंध | ii. | $n(n-1)$ |
| c. | प्रत्यक्ष समूह संबंध | iii. | $n(2^{n-1}-1)$ |
| d. | कुल संबंध | iv. | $n\left(\frac{2^n}{2}+n-1\right)$ |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | iv | ii | iii |
| (2) | i | ii | iii | iv |
| (3) | i | iv | iii | ii |
| (4) | i | iii | ii | iv |

**24.** निम्नलिखित में से कौन सा अभिप्रेरणा विषयक सिद्धांत नहीं है ?

(a) मैस्लो का आवश्यकता सोपान सिद्धांत
(b) हर्ज़बर्ग का दो कारक सिद्धांत
(c) व्रूम का वेक्टर संयोजन-क्षमता सिद्धांत
(d) एल्डरफर का ई.आर.जी. सिद्धांत

(1) केवल (d)
(2) (c) और (d)
(3) केवल (c)
(4) (b) और (d)

**25.** निम्नलिखित में से कौन सा एक संप्रेषण के संरचनात्मक व्यवधान के सम्बन्ध में सही है ?

(1) फिल्टरिंग और उपेक्षा
(2) विश्वसनीयता और अभिवृत्ति
(3) संवेग और समय का दबाव
(4) प्रस्थिति और विशेषज्ञता

**26.** हालांकि इस बात की प्राय: आलोचना की जाती है फिर भी बिक्री संकल्पना निम्नलिखित में से कौन से उत्पादों के साथ विशेष रूप से समुचित और प्रभावी होती है ?

(1) सुविधा
(2) खरीददारी
(3) अवांच्छित
(4) विशेषज्ञता

**27.** आपकी फर्म सर्वोत्तम खंड को निर्धारित करने के लिए समग्र बाजार को विभाजित करने का प्रयास कर रही है, ऐसा करने के लिए निम्न में से कौन सा क्रम होता है ?

(1) बाजार खंडीकरण, लक्ष्य विपणन, बाजार की स्थिति
(2) लक्ष्य विपणन, बाजार की स्थिति, बाजार खंडीकरण
(3) बाजार की स्थिति, बाजार खंडीकरण, लक्ष्य विपणन
(4) जन विपणन, जनसांख्यिकी खंडीकरण, मनोचित्रण खंडीकरण



www.examrace.com

**28.** Which of the following marketing strategies is/are based on the principle of stimulus generalisation ?

(a) Product line extension

(b) Family branding

(c) Licensing

(d) Counterfeiting

**Codes :**

(1) (a) and (b)

(2) (b) and (c)

(3) (a), (b) and (c)

(4) (a), (b), (c) and (d)

**29.** The tendency for persuasive communication to lose the impact of source credibility over time, is known as

(1) Hawthorne Effect (2) Sleeper Effect

(3) Pull back Effect (4) Source Effect

**30.** Match the following :

| | List – I | | List – II |
|---|---|---|---|
| a. | Brand Portfolio | i. | A set of all brands and brand lines a firm offers for sale in a particular category or market segment. |
| b. | Brand Equity | ii. | An estimate of financial value of the brand. |
| c. | Brand Community | iii. | Customers and employees whose identification and activities focus around the brand. |
| d. | Brand Valuation | iv. | The added value endowed to products and services. |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | ii | iv | iii | i |
| (2) | i | ii | iii | iv |
| (3) | i | iv | iii | ii |
| (4) | iv | iii | ii | i |

**31.** Which of the following formulae is used to calculate the degree of combined leverage ?

(1) $\frac{\text{\% change in EBT}}{\text{\% change in EBIT}}$ (2) $\frac{\text{\% change in EPS}}{\text{\% change in Sales}}$

(3) $\frac{\text{\% change in EBIT}}{\text{\% change in sales}}$ (4) None of the above



www.examrace.com

**28.** निम्नलिखित में से कौन सी विपणन युक्ति उद्दीपन सामान्यीकरण के सिद्धांत पर आधारित है ?

(a) उत्पाद पंक्ति का विस्तार

(b) परिवार ब्रांडिंग

(c) लाइसेंसिंग

(d) जालसाजी

**कूट :**

(1) (a) और (b)

(2) (b) और (c)

(3) (a), (b) और (c)

(4) (a), (b), (c) और (d)

**29.** लंबे समय तक स्रोत की विश्वसनीयता के प्रभाव को खोने के लिए विश्वासोत्पादक की प्रवृत्ति को कहते हैं

(1) हाथोर्न प्रयास

(2) सुप्त प्रयास

(3) मुकरने का प्रयास

(4) स्रोत प्रयास

**30.** निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए :

| | **सूची – I** | | **सूची – II** |
|---|---|---|---|
| a. | ब्रांड पोर्टफोलियो | i. | सभी ब्रांडों और ब्रांड लाइनों का सेट, जिसका किसी श्रेणी या बाजार खंड विशेष में बिक्री के लिए प्रस्ताव दिया जाता है । |
| b. | ब्रांड इक्विटी | ii. | ब्रांड के वित्तीय मूल्य का अनुमान |
| c. | ब्रांड समुदाय | iii. | ग्राहक और कर्मचारी जिनकी पहचान और क्रियाकलाप ब्रांड के आस-पास केंद्रित होती है । |
| d. | ब्रांड मूल्यांकन | iv. | उत्पादों और सेवाओं से सम्पन्न वर्धित मूल्य |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | ii | iv | iii | i |
| (2) | i | ii | iii | iv |
| (3) | i | iv | iii | ii |
| (4) | iv | iii | ii | i |

**31.** संयुक्त लीवरेज की मात्रा की गणना के लिए निम्नलिखित सूत्रों में से किसका उपयोग किया जाता है ?

(1) $\frac{\text{ई.बी.टी. में प्रतिशत परिवर्तन}}{\text{इ.बी.आई.टी. में प्रतिशत परिवर्तन}}$

(2) $\frac{\text{इ.पी.एस. में प्रतिशत परिवर्तन}}{\text{विक्रय में प्रतिशत परिवर्तन}}$

(3) $\frac{\text{इ.बी.आई.टी. में प्रतिशत परिवर्तन}}{\text{विक्रय में प्रतिशत परिवर्तन}}$

(4) उपर्युक्त में से कोई नहीं



www.examrace.com

**32.** **Statement – I :** Both Net Income (NI) approach and Modigliani-Miller (MM) approach assume that cost of capital is independent of the degree of financial leverage.

**Statement – II :** A capital structure which minimises cost of capital and maximises EPS, is an optimum capital structure.

**Codes :**

(1) Statement – I and Statement – II both are correct.

(2) Statement – I and Statement – II both are wrong.

(3) Statement – I is correct and Statement – II is wrong.

(4) Statement – I is wrong and Statement – II is correct.

**33.** Which of the following is the formula of Gordon Model of Dividend policy ?

(1) $V = \frac{1}{1 + K}(D_1 + P_1)$

(2) $V = \frac{E(1 - b)}{K - br}$

(3) $V = \frac{D + \frac{r}{K}(E - D)}{K}$

(4) $V = \frac{E(1 - b)}{K}$

**34.** Which of the following formula is used for calculating the cost of preference share capital ?

(1) $\frac{\text{Preference Dividend}}{\text{Market Price of Preference Share}} \times 100$

(2) $\frac{\text{Preference Dividend}}{\text{Net proceeds from prefrence share}} \times 100$

(3) $\frac{\text{Net proceeds from preference share}}{\text{Preference share capital}} \times 100$

(4) $\left(\frac{\text{Preference Dividend}}{\text{Net Proceeds from Pref. Share}} \times 100\right) + G$

**35.** Select the recognised methods of inventory control from the following :

(a) EOQ Analysis

(b) ABC Analysis

(c) HML Analysis

(d) SDA Analysis

(e) FSN Analysis

**Codes :**

(1) (a), (b), (c)

(2) (a), (b), (c), (e)

(3) (a), (b), (c), (d)

(4) (a), (b), (c), (d), (e)



www.examrace.com

**32.** **अभिकथन – I** : शुद्ध आय (एन.आई.) अभिगम एवं मोडिग्लियानी-मिलर अभिगम दोनों मानती हैं कि पूँजी की लागत वित्तीय लीवरेज की मात्रा से स्वतंत्र है ।

**अभिकथन – II** : एक पूँजी ढाँचा जो पूँजी की लागत को न्यूनतम करता है एवं इ.पी.एस. को अधिकतम करता है, वह अनुकूलतम पूँजी ढाँचा होता है ।

**कोड :**

(1) अभिकथन – I एवं अभिकथन – II दोनों सही हैं ।

(2) अभिकथन – I एवं अभिकथन – II दोनों गलत हैं ।

(3) अभिकथन – I सही है एवं अभिकथन – II गलत है ।

(4) अभिकथन – I गलत है एवं अभिकथन – II सही है ।

**33.** लाभांश नीति का निम्नलिखित में से गोर्डन मॉडल का कौन सा सूत्र है ?

(1) $V = \frac{1}{1+K}(D_1 + P_1)$

(2) $V = \frac{E(1-b)}{K-br}$

(3) $V = \frac{D + \frac{r}{K}(E-D)}{K}$

(4) $V = \frac{E(1-b)}{K}$

**34.** पूर्वाधिकार अंश पूँजी की लागत की गणना हेतु निम्नलिखित में से किस सूत्र का उपयोग किया जाता है ?

(1) $\frac{\text{पूर्वाधिकार लाभांश}}{\text{पूर्वाधिकार अंश का बाजार मूल्य}} \times 100$

(2) $\frac{\text{पूर्वाधिकार लाभांश}}{\text{पूर्वाधिकार अंशों से शुद्ध प्राप्तियाँ}} \times 100$

(3) $\frac{\text{पूर्वाधिकार अंशों से शुद्ध प्राप्तियाँ}}{\text{पूर्वाधिकार अंश पूँजी}} \times 100$

(4) $\left(\frac{\text{पूर्वाधिकार लाभांश}}{\text{पूर्वाधिकार अंशों से शुद्ध प्राप्तियाँ}} \times 100\right) + G$

**35.** निम्नलिखित में से स्कन्ध नियंत्रण की मान्य रीतियों का चयन कीजिए :

(a) ई.ओ.क्यू. विश्लेषण

(b) ए.बी.सी. विश्लेषण

(c) एच.एम.एल. विश्लेषण

(d) एस.डी.ए. विश्लेषण

(e) एफ.एस.एन. विश्लेषण

**कोड :**

(1) (a), (b), (c)

(2) (a), (b), (c), (e)

(3) (a), (b), (c), (d)

(4) (a), (b), (c), (d), (e)



www.examrace.com

**36.** Match the items of List – I with the items of List – II :

| List – I | List – II |
|---|---|
| a. Line authority | i. Authority which gives the manager the right to advise other managers or employees. |
| b. Staff authority | ii. The authority exerted by manager by virtue of other's knowledge that he has access to top management. |
| c. Implied authority | iii. The authority exerted by directing the activities of the people in his own department. |
| d. Functional authority | iv. The authority exerted by a manager as co-ordinator of activities. |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iii | ii | i | iv |
| (2) | iii | i | ii | iv |
| (3) | i | ii | iii | iv |
| (4) | ii | iv | i | iii |

**37.** Which of the following are not the disadvantages of Direct-mail as a source of recruitment ?

(i) Expensive

(ii) Difficult to gauge the impact

(iii) Long lead time

(iv) Limited information regarding the jobs

**Codes :**

(1) (i) & (ii)

(2) (i), (ii) & (iii)

(3) (iii) & (iv)

(4) (ii) & (iv)

**38.** Examine the following statements and choose the correct code :

**Statement – I :** Motivation is expensive and above all difficult.

**Statement – II :** Things that are the most motivating to employees tend to be relatively easy to do and less costly.

**Statement – III :** Personally recognizing the accomplishments of employees can be easy.

**Codes :**

(1) All the three statements are correct.

(2) Statements – II and III only are correct.

(3) Statements – I and III only are correct.

(4) Statement – I only is correct.



www.examrace.com

**36.** सूची – I की मदों के साथ सूची – II की मदों को सुमेलित कीजिए :

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| a. रेखीय प्रभुत्व | i. वह प्रभुत्व जो किसी प्रबंधक को दूसरे प्रबंधकों या कर्मचारियों को सलाह देने का अधिकार देता है । |
| b. स्टॉफ प्रभुत्व | ii. प्रबन्धक द्वारा प्रयोगित वह प्रभुत्व जो दूसरों के इस ज्ञान पर आधारित है कि उसकी पहुँच उच्च प्रबन्ध तक है । |
| c. अंतर्निहित प्रभुत्व | iii. वह प्रभुत्व जिसे अपने विभाग के लोगों के क्रियाकलापों को निर्देशित करते हुए व्यक्त किया जाता है । |
| d. प्रकार्यात्मक प्रभुत्व | iv. वह प्रभुत्व जिसका प्रयोग किसी प्रबंधक द्वारा क्रियाकलापों के समन्वयकर्ता के रूप में किया जाता है । |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iii | ii | i | iv |
| (2) | iii | i | ii | iv |
| (3) | i | ii | iii | iv |
| (4) | ii | iv | i | iii |

**37.** निम्नलिखित में कौन सा भर्ती के स्रोत के रूप में प्रत्यक्ष मेल का लाभ नहीं है ?

(i) खर्चीला

(ii) प्रभाव के मापन में कठिनाई

(iii) लंबा अंतराल समय

(iv) कार्य के संबंध में सीमित सूचना

**कूट :**

(1) (i) और (ii)

(2) (i), (ii) और (iii)

(3) (iii) और (iv)

(4) (ii) और (iv)

**38.** निम्नलिखित कथनों की जाँच कीजिए और सही कूट का चयन कीजिए :

**कथन – I** : अभिप्रेरणा खर्चीली है और कुल मिलाकर कठिन है ।

**कथन – II** : ऐसी चीज, जो कर्मचारियों को अभिप्रेरित करने के लिए अपेक्षाकृत आसान एवम् कम खर्चीली होती है ।

**कथन – III** : कर्मचारी निष्पति को व्यक्तिगत रूप से पहचानना आसान हो सकता है ।

**कूट :**

(1) सभी तीनों कथन सही हैं ।

(2) केवल कथन II और III सही हैं ।

(3) केवल कथन I और III सही हैं ।

(4) केवल कथन I सही है ।



www.examrace.com

**39.** Match the items of List – I with the items of List – II :

| | List – I | | List – II |
|---|---|---|---|
| a. | Flexitime | i. | Employees work for fewer days in the week, but work for longer hours. |
| b. | Telecommuting | ii. | Two or more employees share a full time job. |
| c. | Compressed work week | iii. | Employees work from house using their computers. |
| d. | Job sharing | iv. | Employees decide their own start and stop time |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | iii | iv | ii |
| (2) | ii | iii | i | iv |
| (3) | iv | iii | i | ii |
| (4) | i | iii | ii | iv |

**40.** Examine the following statements and choose the correct code :

**Statement – I** : The Payment of Wages Act is meant to regulate the payment of wages to employees from certain industries.

**Statement – II** : The Minimum Wages Act aims at making provision for statutory fixation of minimum rates of wages in certain employment.

**Statement – III** : The main purpose of the Employment Exchange Act is to provide practical training to technically qualified persons.

**Codes :**

(1) Statements I and II only are correct.

(2) All the three Statements are correct.

(3) Statements II and III only are correct.

(4) Only Statement II is correct.

**41.** Match the items of List – I with List – II :

| | List – I | | List – II |
|---|---|---|---|
| a. | Foreign Bank | i. | Catholic Syrian Bank |
| b. | Public Sector Bank | ii. | Sonali Bank |
| c. | Private Sector Bank | iii. | IDBI Bank |
| d. | Regional Rural Bank | iv. | Pallavan Grama Bank |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | iii | ii | iv |
| (2) | ii | iii | i | iv |
| (3) | i | iv | iii | ii |
| (4) | i | ii | iii | iv |



www.examrace.com

**39.** सूची – I की मदों को सूची – II की मदों के साथ सुमेलित कीजिए :

| सूची – I | | सूची – II | |
|---|---|---|---|
| a. | लचीला समय | i. | कर्मचारी एक सप्ताह में कम दिन कार्य करते हैं, लेकिन लंबे समय तक कार्य करते हैं । |
| b. | टेलीकम्प्युटिंग | ii. | दो या अधिक कर्मचारी पूर्ण कालिक कार्य में सहभागिता करते हैं । |
| c. | संपीड़ित कार्य सप्ताह | iii. | कर्मचारी अपने कंप्यूटरों का उपयोग करते हुए घर से कार्य करते हैं । |
| d. | कार्य की सहभागिता | iv. | कर्मचारी अपना आरंभिक और समापन समय स्वयं तय करते हैं । |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | iii | iv | ii |
| (2) | ii | iii | i | iv |
| (3) | iv | iii | i | ii |
| (4) | i | iii | ii | iv |

**40.** निम्नलिखित कथनों की जाँच कीजिए और सही कूट का चयन कीजिए :

**कथन – I** : वेतन संदाय अधिनियम का आशय कुछ उद्योगों से कर्मचारियों को संदाय वेतन को विनियमित करना है ।

**कथन – II** : न्यूनतम वेतन अधिनियम का उद्देश्य कुछ रोजगारों में न्यूनतम वेतन दरों के सांविधिक निर्धारण का प्रावधान करता है ।

**कथन – III** : नियोजन कार्यालय अधिनियम का मुख्य उद्देश्य तकनीकी रूप से प्रशिक्षित व्यक्तियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण देना है ।

**कूट :**

(1) केवल कथन I और II सही हैं ।
(2) सभी तीनों कथन सही हैं ।
(3) केवल कथन II और III सही हैं ।
(4) केवल कथन II सही है ।

**41.** सूची – I की मदों का मिलान सूची – II के साथ कीजिए :

| सूची – I | | सूची – II | |
|---|---|---|---|
| a. | विदेशी बैंक | i. | कैथोलिक सीरियन बैंक |
| b. | सार्वजनिक क्षेत्र बैंक | ii. | सोनाली बैंक |
| c. | निजी क्षेत्र बैंक | iii. | आई.डी.बी.आई. बैंक |
| d. | क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक | iv. | पल्लवम् ग्रामा बैंक |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | iii | ii | iv |
| (2) | ii | iii | i | iv |
| (3) | i | iv | iii | ii |
| (4) | i | ii | iii | iv |



www.examrace.com

**42.** E-Banking is also referred to as

(a) Web-based Banking
(b) Branchless Banking
(c) Virtual Banking
(d) Internet Banking
(e) Western Banking
(f) Neo-classical Banking

**Codes :**

(1) (a), (b), (c) and (d)
(2) (a), (b), (c) and (e)
(3) (a), (c), (d) and (f)
(4) (a), (c), (d) and (e)

**43.** SBI has applied to open branches in Pakistan in recent agreement between India and Pakistan at

(1) Islamabad and Karachi
(2) Lahore and Karachi
(3) Rawalpindi and Sindh
(4) Lahore and Islamabad

**44.** **Statement – I :** A loss Asset (NPA) is one where loss has been identified by the internal or external auditors.

**Statement – II :** A loss Assets (NPA) is uncertain but it must be identified as a loss.

**Codes :**

(1) Statement I is correct but II is incorrect.
(2) Statement II is correct but I is incorrect.
(3) Both Statements I and II are correct.
(4) Both Statements I and II are incorrect.

**45.** Match the items of List – I with List – II with regard to the functions of NABARD :

| **List – I** | **List – II** |
|---|---|
| a. Financial Functions | i. Core Banking solution to co-operative banks |
| b. Developmental functions | ii. Credit monitoring arrangements |
| c. Supervisory functions | iii. Farm sector refinance through RRBs |

**Codes :**

| | a | b | c |
|---|---|---|---|
| (1) | iii | ii | i |
| (2) | iii | i | ii |
| (3) | ii | i | iii |
| (4) | i | iii | ii |

**46.** **Statement – I :** A country tends to specialise in the production of those goods for which it has got relative or comparative advantage.

**Statement – II :** The theory of comparative cost is simply an application of the principle of division of labour.

**Codes :**

(1) Statement I is correct but II is incorrect.
(2) Statement II is correct but I is incorrect.
(3) Both Statements I and II are incorrect.
(4) Both Statements I and II are correct.



www.examrace.com

**42.** ई-बैंकिंग को यह भी कहा जाता है

(a) वेब-आधारित बैंकिंग
(b) शाखा रहित बैंकिंग
(c) आभासी बैंकिंग
(d) इन्टरनेट बैंकिंग
(e) पश्चिमी बैंकिंग
(f) नव-प्रतिष्ठित बैंकिंग

**कूट :**

(1) (a), (b), (c) एवं (d)
(2) (a), (b), (c) एवं (e)
(3) (a), (c), (d) एवं (f)
(4) (a), (c), (d) एवं (e)

**43.** हाल ही में हुए भारत-पाकिस्तान समझौते के अन्तर्गत एस.बी.आई. ने पाकिस्तान में कहाँ शाखाएँ खोलने के लिए आवेदन किया है ?

(1) इस्लामाबाद और कराची
(2) लाहौर और कराची
(3) रावलपिंडी और सिंध
(4) लाहौर और इस्लामाबाद

**44.** **कथन – I :** एक डूबी हुई सम्पत्ति (एन.पी.ए.) वह सम्पत्ति है जिसके नुकसान को आन्तरिक अथवा बाह्य अंकेक्षक द्वारा चिन्हित कर लिया गया है ।

**कथन – II :** एक डूबी हुई सम्पत्ति (एन.पी.ए.) अनिश्चित है परन्तु उसे हानि के रूप में अवश्य चिन्हित कर लेना चाहिए ।

**कूट :**

(1) कथन I सही है परन्तु कथन II सही नहीं है ।
(2) कथन II सही है परन्तु कथन I गलत है ।
(3) दोनों ही कथन I एवं II सही हैं ।
(4) दोनों ही कथन I एवं II गलत हैं ।

**45.** नाबार्ड के कार्यों को ध्यान में रखते हुए सूची – I की मदों को सूची – II के साथ सुमेलित कीजिए :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| a. वित्तीय कार्य | i. सहकारी बैंकों का कोर बैंकिंग हल |
| b. विकास संबंधी कार्य | ii. साख पर्यवेक्षण व्यवस्था |
| c. पर्यवेक्षी कार्य | iii. आर.आर.बी. बैंकों के माध्यम से कृषि क्षेत्र पुन:वित्तपोषण |

**कूट :**

| | a | b | c |
|---|---|---|---|
| (1) | iii | ii | i |
| (2) | iii | i | ii |
| (3) | ii | i | iii |
| (4) | i | iii | ii |

**46.** **अभिकथन – I :** एक देश उन वस्तुओं के उत्पादन में विशिष्टता प्राप्त करने को उन्मुख होता है जिनमें वह सापेक्षिक और तुलनात्मक लाभ रखता हो ।

**अभिकथन – II :** तुलनात्मक लागत सिद्धान्त श्रम विभाजन सिद्धान्त का केवल अनुप्रयोग है ।

**कूट :**

(1) अभिकथन I सही है परन्तु अभिकथन II सही नहीं है ।
(2) अभिकथन II सही है परन्तु अभिकथन I गलत है ।
(3) दोनों अभिकथन I और II गलत हैं ।
(4) दोनों अभिकथन I और II सही हैं ।



www.examrace.com

**47.** Match the items of List – I with List – II with regard to balance of Payment position of a country :

| List – I | List – II |
|---|---|
| a. Cyclical Disequilibrium | i. Change in demand or supply of exports alters a previously existing equilibrium |
| b. Secular Disequilibrium | ii. Fluctuations in the economic activities |
| c. Technological Disequilibrium | iii. Deep-seated changes in an economy |
| d. Structural Disequilibrium | iv. Inventions or innovations of new goods or new techniques of production |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | ii | iv | iii |
| (2) | i | iii | iv | ii |
| (3) | ii | iii | iv | i |
| (4) | iii | ii | iv | i |

**48.** Which among the followings are not guiding fundamental principles of World Trade Organization ?

(a) Non-discrimination
(b) Free-trade
(c) Social-Welfare
(d) Fair competition
(e) Market Access Commitment
(f) Human Rights
(g) Multilateral Trading System

**Codes :**

(1) (a), (b) and (c)
(2) (c), (e) and (f)
(3) (c), (f) and (g)
(4) (c) and (f)

**49.** Consider the following statements with reference to International Development Association (IDA) :

(a) IDA is the world's largest source of concessional financial assistance for the poorest countries.
(b) IDA is a leader among development institutions.
(c) IDA advances loans to industries in exceptional cases.

**Codes :**

(1) (a) is correct but, (b) and (c) are incorrect
(2) (a) and (b) are correct but, (c) is incorrect.
(3) (a) and (c) are correct but, (b) is incorrect.
(4) (b) and (c) are correct but, (a) is incorrect.

**50.** As per the Foreign Trade Policy 2015-2020, a five star export house should have ?

(1) Export performance (FOB/FOR) of US $ 500 million during current and previous two years.
(2) Export performance (FOB/FOR) of US $ 1000 million during current and previous two years.
(3) Export performance (FOB/FOR) of US $ 1500 million during current and previous two years.
(4) Export performance (FOB/FOR) of US $ 2000 million during current and previous two years.



www.examrace.com

**47.** देश की भुगतान संतुलन स्थिति के संबंध में सूची – I की मदों को सूची – II की मदों के साथ सुमेलित कीजिए :

| सूची – I | | सूची – II | |
|---|---|---|---|
| a. | चक्रीय असाम्य | i. | निर्यात की माँग अथवा पूर्ति में परिवर्तन पहले से विद्यमान साम्य को बदलता है । |
| b. | दीर्घकालीन असाम्य | ii. | आर्थिक क्रियाकलापों में उच्चावचन |
| c. | प्रौद्योगिक असाम्य | iii. | अर्थव्यवस्था में गहन परिवर्तन |
| d. | संरचनात्मक असाम्य | iv. | उत्पादन के नये माल या नई तकनीक का आविष्कार या नव प्रवर्तन |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | ii | iv | iii |
| (2) | i | iii | iv | ii |
| (3) | ii | iii | iv | i |
| (4) | iii | ii | iv | i |

**48.** निम्नलिखित में से कौन से विश्व व्यापार संगठन के मार्गदर्शी मूल सिद्धांत नहीं है ?

(a) अविभेद
(b) मुक्त व्यापार
(c) समाज कल्याण
(d) उचित प्रतिस्पर्धा
(e) बाजार पहुँच प्रतिबद्धता
(f) मानव अधिकार
(g) बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली

**कूट :**

(1) (a), (b) और (c)
(2) (c), (e) और (f)
(3) (c), (f) और (g)
(4) (c) और (f)

**49.** इंटरनेशनल डिवेलपमेंट एसोसिएशन (आई.डी.ए.) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

(a) आई.डी.ए. अतिनिर्धन देशों के लिए रियायती वित्तीय सहायता का विश्व में सबसे बड़ा स्रोत है ।
(b) आई.डी.ए. विकास संबंधी संस्थाओं में अग्रणी है ।
(c) आई.डी.ए. विशेष मामलों में उद्योगों को ऋण देता है ।

**कूट :**

(1) (a) सही है, लेकिन (b) और (c) गलत हैं ।
(2) (a) और (b) सही हैं, लेकिन (c) गलत है ।
(3) (a) और (c) सही हैं, लेकिन (b) गलत है ।
(4) (b) और (c) सही हैं, लेकिन (a) गलत है ।

**50.** विदेश व्यापार नीति 2015-2020 के अनुसार एक फाइव स्टार निर्यात गृह के लिए होना चाहिए :

(1) चालू और पिछले दो वर्ष के दौरान 500 मिलियन अमरीकी डॉलर का निर्यात कार्य-निष्पादन (एफ.ओ.बी./एफ.ओ.आर)
(2) चालू और पिछले दो वर्ष के दौरान 1000 मिलियन अमरीकी डॉलर का निर्यात कार्य-निष्पादन (एफ.ओ.बी./एफ.ओ.आर.)
(3) चालू और पिछले दो वर्ष के दौरान 1500 मिलियन अमरीकी डॉलर का निर्यात कार्य-निष्पादन (एफ.ओ.बी./एफ.ओ.आर.)
(4) चालू और पिछले दो वर्ष के दौरान 2000 मिलियन अमरीकी डॉलर का निर्यात कार्य-निष्पादन (एफ.ओ.बी./एफ.ओ.आर.)



www.examrace.com

**Space For Rough Work**

Exam Race



www.examrace.com